रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 269] नई दिल्ली, बुधवार, अप्रैल 24, 2019/वैशाख 4, 1941
No. 269] NEW DELHI, WEDNESDAY, APRIL 24, 2019/VAISAKHA 4, 1941

**गृह मंत्रालय**

**(स्वापक नियंत्रण ब्यूरो)**

**अधिसूचना**

नई दिल्ली, 18 अप्रैल,2019

**सा.का.नि. 325(अ).—** राष्ट्रपति, एतद्द्वारा संविधान के अनुच्छेद 309 के परंतुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, और गृह मंत्रालय, स्वापक नियंत्रण ब्यूरो उप महानिदेशक भर्ती नियम, 2006 को उन बातों के सिवाय अधिक्रांत करते हुए जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पहले किया गया है या करने का लोप किया गया है, गृह मंत्रालय के अधीन स्वापक नियंत्रण ब्यूरो में उप महानिदेशक के पद पर भर्ती की पद्धति का विनियमन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात -:

.1 संक्षिप्त नाम तथा प्रारम्भ - (1) इन नियमों के नाम गृह मंत्रालय, स्वापक नियंत्रण ब्यूरो, उप महानिदेशक राजपत्रित समूह "क" पद भर्ती नियम, 2019 कहा जाएगा।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

.2 पद की संख्या, वर्गीकरण तथा वेतन मैट्रिक्स में लेवल - उक्त पद की संख्या, उसका वर्गीकरण और उससे सम्बद्ध वेतन मैट्रिक्स में लेवल वह होगा जो इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची के स्तम्भ 2 से 4 में विनिर्दिष्ट हैं।

.3 भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा तथा अन्य अर्हताएं आदि - उक्त पद पर भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं और उससे संबंधित अन्य बातें वे होंगी जो पूर्वोक्त अनुसूची के स्तम्भ (5) से (13) में विनिर्दिष्ट हैं।

.4 निरर्हता :- वह व्यक्ति

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या पत्नी जीवित है, विवाह किया है, या

(ख) जिसने, अपने पति या पत्नी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा :

परंतु यदि केंद्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी।

.5 शिथिल करने की शक्ति - जहां केंद्रीय सरकार की यह राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह उसके लिए जो कारण है उन्हें लेखबद्ध करके तथा संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करके इन नियमों के किसी उपबंध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी।

.6 व्यावृत्ति - इन नियमों की कोई बात, ऐसे आरक्षण, आयु-सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केंद्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर निकाले गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों , अन्य पिछड़े वर्गों, भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है।

**अनुसूची**

| पद का नाम | पद की संख्या | वर्गीकरण | वेतन मेट्रिक्स में लेवल | चयन अथवा अचयन पद | सीधे भर्ती किए गए व्यक्तियों के लिए आयु सीमा |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| उप महानिदेशक | 5* (2019) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है। | साधारण केंद्रीय सेवा समूह "क", राजपत्रित अननुसचिवीय | लेवल - 14 (रुपये 1,44,200-2,18,200) | लागू नहीं होता | लागू नहीं होता। |

| सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षिक तथा अन्य अर्हताएं. | सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होंगी या नहीं. | परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो. | भर्ती की पद्धति: भर्ती सीधी होगी या प्रोन्नति अथवा प्रतिनियुक्ति अथवा आमेलन तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता. |
|---|---|---|---|
| (7) | (8) | (9) | (10) |
| लागू नहीं होता। | लागू नहीं होता। | लागू नहीं होता। | प्रतिनियुक्ति द्वारा। |

| प्रोन्नति अथवा प्रतिनियुक्ति या आमेलन द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियाँ जिनसे प्रोन्नति अथवा प्रतिनियुक्ति अथवा आमेलन किया जाएगा | यदि एक विभागीय प्रोन्नति समिति है तो उसकी संरचना क्या है | भर्ती करने में किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा |
|---|---|---|
| (11) | (12) | (13) |
| प्रतिनियुक्ति:-<br>अखिल भारतीय सेवाओं और अन्य समूह "क" केंद्रीय सेवाओं के ऐसे अधिकारी<br>(i) जो मूल संवर्ग अथवा विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण | लागू नहीं होता | संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करना आवश्यक नहीं है। |

| | | |
|---|---|---|
| किए हुए है; अथवा<br>(ii) जिन्हें भारत सरकार में लेवल 14 अथवा समतुल्य वेतन मेट्रिक्स वाले पदों पर नियुक्ति के लिए पेनलबद्ध किया गया है, और<br>(ख) जिनके पास विनियमनकारी विधियों के प्रवर्तन अथवा आर्थिक तथा आपराधिक अपराधों का अन्वेषण तथा उससे संबन्धित आसूचना का संग्रहण करने में पाँच वर्ष का अनुभव।<br>नोट 1. प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केंद्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन/ विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर- बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि शामिल है, साधारणतया पाँच वर्ष से अधिक नहीं होगी।<br>नोट 2. प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तारीख को 58 वर्ष से अधिक नहीं होगी। | | |

[फा. सं. I-.बी.सी.एन-2017/37/12014-II]

पुण्य सलिला श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव,